# दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू
## मॉडल अभ्यास कार्य
## सत्र (2018–19)

कक्षा : – आठवीं
विषय :– हिंदी

<u>खंड– क</u>

### प्र01. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

प्रत्येक राष्ट्र की अपनी एक सांस्कृतिक धरोहर होती है जिसके बल पर वह प्रगति के पथ पर अग्रसर होता रहता है । मानव युग – युग से अपने जीवन को अधिक सुखमय , उपयोगी – शांतिमय एवं आनंदपूर्ण बनाने का प्रयास करता रहा है । इस प्रयास का आधार वह सांस्कृतिक धरोहर है जो प्रत्येक मानव को विरासत के रूप में मिलती है और इस प्रयास के बल पर वह मानव अपना विकास करता है । यह विकास का क्रम बिना सांस्कृतिक आधार के संभव नहीं होता । कुछ लोग सभ्यता और संस्कृति को ही अर्थ में लेते हैं । यह उनकी भूल है। वैसे तो सभ्यता एवं संस्कृति में अटूट संबंध है किंतु संस्कृति जीवन को श्रेष्ठ और उन्नत बनाने की साधनाओं का नाम है और सभ्यता उन साधनाओं के फलस्वरूप उपलब्ध हुई जीवन प्रणाली का नाम है ।

1. राष्ट्र प्रगति के पथ पर कैसे अग्रसर हो सकता है ?
2. मानव को विरासत में क्या मिला है ?
3. ' सभ्यता एवं संस्कृति ' में क्या अटूट संबंध है ?
4. मानव जीवन जीने को कैसा बनाने का प्रयास कर रहा है ?
5. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

### प्र02. निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

मेरी मातृभूमि को मेरा वंदन है ,
इसकी मिट्टी धूल महकता चंदन है ।
है दुनिया में देश बहुत सुंदर , लेकिन
मेरी मातृभूमि की शोभा प्यारी है ,
स्वर्गलोक की सुषमा – सुंदरता–गरिमा
एक – एक कर इसके सम्मुख हारी है ।
हम सब की आशाओं , अभिलाषाओं की
कल्पलता वह , कल्पवृक्ष , नंदन वन है ।
मैं रोली से नहीं , उसी की मिट्टी से
तिलक लगाता हूँ अपने माथे पर ,
यों तो है मेरा नाता सब दुनिया से
पर गर्व मुझे है इसके नाते पर ।
मैं जो कुछ हूँ सब इसका ही हूँ
इसको ही मेरा सर्वस्व समर्पण है ।

क. कवि किसको अपना सर्वस्व अर्पित करना चाहता है ?
ख. मातृभूमि की मिट्टी की तुलना किससे की गई है ?

ग. मातृभूमि की शोभा के आगे किसकी शोभा फीकी है ?
घ. आशाओं , अभिलाषाओं का कल्पतरु से क्या अभिप्राय है ?
ड. कवि किस नाते पर गर्व करता है ?

## खंड– ख

### प्र03. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए –

1. बाज किस प्रकार के व्यक्ति का प्रतीक है ?
2. टोपी बनवाने के लिए गवरइया किस – किस के पास गई ?
3. बूँद की उत्पत्ति कब और किस प्रकार हुई ?
4. झाऊलाल मन ही मन बिलवासी जी से क्यों नाराज़ हो रहे थे ?
5. बच्चों ने किस लालच में काम करने का फैसला लिया ?

### प्र04.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. ' कामचोर कहानी हमें क्या संदेश देती है ?
2. 14 मार्च सन 1931 का क्या महत्त्व है ? समझाइए ।
3. साइकिल ' एकविनम्र सवारी ' कैसे है ? पाठ एवं अपने अनुभव के आधार पर बताइए ।
4. " लाला को काटो तो बदन में खून नहीं । ऐसी चलती हुई गली में ऊँचे तिमंज़िले से भरे हुए लोटे का गिरना हँसी खेल नहीं । " लेखक ने ऐसा क्यों कहा ?
5. गवरइया ने राजा की कौन –सी पोल खोल दी और कैसे ?
6. घायल होने के बाद भी बाज़ ने कहा ,"मुझे कोई शिकायत नहीं है । "ऐसा उसने क्यों कहा ?
7. पृथ्वी का निर्माण कैसे हुआ ?

### प्र05.निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए –

1. झरती हुई पत्ती थामने को बैठा है हाथ एक
2. जाति न पूछो साधु की , पूछ लीजिए ज्ञान ।
   मोल करो तरवार का , पड़ा रहन दो म्यान ।।
3. ऐसे बेहाल बिवाइन सों , पग कंटक जाल लगे पुनि जोए ।
4. काँचौ दूध पियावत पचि – पचि देति न माखन रोटी ।
5. खोलि किवारि , पैठि मंदिर मैं , दूध – दही सब सखनि खवायौ ।

प्र06. कारीगर को अपने परिश्रम का उचित मूल्य न मिलने पर उसकी प्रतिक्रिया क्या होगी । अपने विचार 40 – 50 शब्दों में लिखिए ।

### प्र07. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. सिद्धार्थ किस कारण कृशकाय हो गए थे ?
2. संबोधि प्राप्ति के समय मार बुद्ध को क्यों भयभीत कर रहा था ?
3. बुद्ध की आम्रपाली से कहाँ भेंट हुई ?
4. बुद्ध ने गाँव के बच्चों को कौन – सी कहानी सुनाई ?
5. आनंद ने प्रभु को शरीर त्यागने की कौन – कौन –सी उत्तम जगह बताई ?

6. आनंद क्या सुनकर विचलित हुए ?
7. कुशीनारा में कौन –से लोग रहते थे ?

## खंड– ग

प्र08. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए –

1. विशेष्य किसे कहते हैं ?
2. रचना के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं ? दो के नाम लिखिए ।
3. ' पितृ ' शब्द का तद्भव रूप लिखिए ।

प्र09.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. परिमाणवाचक क्रिया – विशेषणऔर परिमाणवाचक विशेषण में अंतर स्पष्ट कीजिए ।
2. शब्द और पद में अंतर स्पष्ट कीजिए ।
3. कर्मधारय समास और बहुव्रीहि समास में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

प्र010. निर्देशानुसार उत्तर लिखिए –

1. सोना , सूर्य , सरस्वती , संसार दो – दो पर्यायवाची शब्द लिखिए
2. शोक , शीत , स्तुति , स्वकीय विलोम शब्द लिखिए
3. जिसका कोई आधार न हो , दोपहर का समय , अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए
4. भवन /भुवन , बात /वात , तरंग / तुरंग भिन्नार्थक शब्द लिखिए ।
5. लक्ष्मी , हरि , सुधा , हंस दो अनेकार्थक शब्द लिखिए ।
6. पाप /अपराध , निर्णय /न्याय , वाक्य बनाएं कि अर्थ स्पष्ट हो जाए ।
7. एक अनार सौ बीमार , मान न मान मैं तेरा मेहमान , लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए
8. गुरुदक्षिणा , प्रत्यक्ष , दृष्टांत , सहस्रबाहु वर्ण – विच्छेद कीजिए
9. मोती पिरोना , दिन–रात एक करना , मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं
10. सज्जन , तद्भव , परिच्छेद , संतोष संधि – विच्छेद कीजिए
11. दिक् + अंत , सत् + मति , उत् + हार , संधि कीजिए
12. बच्चे पेड़ पर चढ़ गए । कारक रेखांकित करते हुए भेद का नाम लिखिए
13. चक्रधर , दुरात्मा , अकालपीड़ित समास विग्रह करते हुए भेद का नाम लिखिए
14. मुरली को धारण किया है जिसने , पेटभर समस्त पद में बदलते हुए भेद का नाम लिखिए
15. शेफाली <u>अधिक</u> थक गई । रेखांकित क्रिया – विशेषण के भेद का नाम लिखिए
16. पानी में हँस तैर रहे हैं । वाक्य शुद्ध कीजिए
17. जो ईमानदार होते हैं उन्हें ही सम्मान लिता है । उचित विराम – चिह्न का प्रयोग कीजिए
18. परीक्षा निकट आने पर घबराहट बढ़ जाती है । मिश्रित वाक्य में बदलिए

## खंड–घ

प्र011.अपने मित्र को अपने विद्यालय की किक्रेट टीम का कप्तान चुने जाने पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए ।

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्या को छात्रवृत्ति के लिए पत्र लिखिए ।

प्र012. ' स्वच्छता अभियान ' के लिए 20 –25 शब्दों में विज्ञापन बनाएं ।

प्र013. ' इंटरनेट बना दिमागी बुखार 'विषय पर शिक्षक और छात्र के बीच संवाद लिखिए ।

प्र014. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए –

<u>दिल्ली मेट्रो</u>

संकेत बिंदु :–

- मेट्रो रेल का प्रारंभ
- पहला मेट्रो रूट और स्मार्ट कार्ड
- सुविधाजनक साधन

<u>शहरीकरण और पर्यावरण</u>

संकेत बिंदु :–

- निर्माण कार्य के लिए पेड़ों का कटना
- पेड़ों के कटने से हानि
- बढ़ती बीमारियाँ

प्र015. नीचे दिए गए चित्र का वर्णन 40 – 50 शब्दों में कीजिए ।

